## खबर संक्षेप

### कांग्रेस की नई रणनीति: 'मजबूत बूथ,मजबूत संगठन' के संकल्प के साथ मैहर में मंथन



**मैहर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी की उपस्थिति में मैहर जिला कांग्रेस संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी समय के लिए कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक बेहद सक्रिय और मजबूत बनाना था। बैठक में नई बूथ समितियों के गठन, जमीनी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और जनता के बीच पैठ बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई ने प्रमुख भूमिका निभाते हुए कहा कि किसी भी संगठन की असली ताकत उसके बूथ स्तर के कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे गांव-गांव और घर-घर जाकर कांग्रेस की जनहित नीतियों, विचारधारा और जनता के स्थानीय मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएं। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रमेश प्रजापति और जिला उपाध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने एकजुट होकर आगामी राज नीतिक गतिविधियों को तेज करने और बूथ स्तर पर पार्टी को एक नई मजबूती देने का दृढ़ संकल्प लिया।

### पिपरा कला खेरदाई मंदिर में अखंड रामचरितमानस पाठ और विशाल भंडारा आयोजित

**मैहर।** मैहर के ग्राम पिपरा कला स्थित प्रसिद्ध खेरदाई मंदिर परिसर में श्रद्धा,भक्ति और सेवा के माहौल के बीच एक भव्य धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। मनोज शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस धार्मिक अनुष्ठान के अंतर्गत सबसे पहले 51 कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। इसके बाद ब्राह्मण भोज का आयोजन हुआ और फिर आमजनता के लिए एक विशाल भंडारा शुरू किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य देवदत्त सोनी,पूर्व जनपद अध्यक्ष सुरेश तिवारी,कामता प्रसाद मिश्रा,अरुण मिश्रा सहित कई गणमान्य नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर राम नाम के भजनों से गूंजता रहा और चारों तरफ भक्ति का माहौल बना रहा।

# उचेहरा में अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिरी तेज रफ्तार एंबुलेंस, दो लोग गंभीर रूप से घायल

## मरीज को अस्पताल छोड़कर दूसरे मरीज को लेने जा रही थी गाड़ी,स्थानीय ग्रामीणों की सतर्कता से टली बड़ी अनहोनी

**सतना।**

उचेहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरहा गाँव में तड़के एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ एक तेज रफ्तार एंबुलेंस अनियंत्रित होकर बरुआ नदी के पुल से सीधे नीचे जा गिरी। इस दर्दनाक हादसे में एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में चालक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं,जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राहत की बात यह रही कि इस भीषण दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया।







### दूसरे मरीज को लेने कुलगढ़ी जा रही थी एंबुलेंस

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार,एंबुलेंस एक मरीज को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने के बाद वापस लौट रही थी। चालक गाड़ी लेकर दूसरे मरीज को लेने के लिए कुलगढ़ी की ओर जा रहा था। इसी दौरान जैसे ही एंबुलेंस बरहा में बरुआ नदी के पुल के पास पहुंची,अचानक चालक वाहन पर से अपना नियंत्रण खो बैठा। रफ्तार तेज होने के कारण एंबुलेंस रेलिंग तोड़ते हुए सीधे पुल के नीचे जा गिरी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### स्थानीय लोगों ने बचाई जान,घायलों की हालत खतरे से बाहर

हादसे में घायल हुए लोगों में एंबुलेंस चालक शुभम परौहा (निवासी बंदरहा) और एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं। तड़के सन्नाटे के बीच एंबुलेंस गिरने की तेज आवाज सुनकर आस-पास के ग्रामीण और स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे।

### मददगार बने ग्रामीण

ग्रामीणों ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए राहत और बचाव कार्य शुरू किया। उन्होंने सूझबूझ से क्षतिग्रस्त एंबुलेंस के केबिन में फंसे दोनों घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों के अनुसार,दोनों घायलों का उपचार जारी है और फिलहाल उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आरटीओ कार्यालय में एक माह में 12 हजार से अधिक आवेदनों का निपटारा, राजस्व में 16.5 फीसदी की बढ़ोतरी

### नये आरटीओ की पहल से पेंडेंसी में आई भारी कमी, त्वरित निराकरण से आमजन को मिली राहत

**सतना।**

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) कार्यालय में नए अधिकारी की पदस्थापना के बाद विभागीय कामकाज में अभूतपूर्व तेजी और सुगमता देखने को मिल रही है। नए आरटीओ की सक्रियता से कार्यालय में वर्षों से चली आ रही सुस्ती खत्म हुई है और लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है,जिससे आम जनता को बड़ी राहत मिली है। आंकड़ों की बात करें तो विगत महज एक माह के भीतर वाहन पंजीयन,स्वामित्व हस्तांतरण (अंतरण) और परमिट से संबंधित लगभग 10,250 आवेदनों का सफलतापूर्वक निपटारा किया गया है। इसके अतिरिक्त,ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित 2,439 कार्यों को भी रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया। त्वरित कार्यप्रणाली का सीधा असर विभाग के खजाने पर भी पड़ा है। जून माह में शासन द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य के मुकाबले कार्यालय ने 16.54% की शानदार वृद्धि दर्ज की है। वहीं दूसरी ओर,दफ्तर में आने वाली शिकायतों का ग्राफ तेजी से नीचे गिरा है। सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज होने वाली जनसमस्याओं का आरटीओ स्तर पर व्यक्तिगत रुचि लेकर त्वरित और शत-प्रतिशत संतुष्टि पूर्वक निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है,जिससे विभाग की छवि में बड़ा सुधार आया है।




# मैहर में पुरानी रंजिश को लेकर प्रसाद दुकानदार और उसके भाई पर चाकू से जानलेवा हमला

**मैहर।**

मैहर कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवी जी रोड पर गुरुवार सुबह पुरानी रंजिश के चलते एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां एक प्रसाद दुकान के संचालक और उसके भाई पर तीन युवकों ने लाठी-डंडों और चाकूनुमा धारदार वस्तु से जानलेवा हमला कर दिया। घटना में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए हैं,जिन्हें उपचार के लिए सिविल अस्पताल मैहर में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पवन यादव (निवासी कोरवारा,उचेहरा) मैहर देवी जी क्षेत्र में 'महादेव प्रसाद भंडार' नाम से दुकान चलाता है।पुलिस को दी शिकायत में उसने बताया कि गुरुवार सुबह जब वह दुकान पर था,तभी तीन युवक आए और उसके भाई शिवम से पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। बीच-बचाव करने पर आरोपी पवन लोधी ने चाकूनुमा वस्तु से पवन के सिर पर वार कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने अस्पताल पहुंचे उसके दूसरे भाई महेंद्र यादव के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।




# ऑपरेशन प्रहार: 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान के पहले दिन पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 16 लाख का माल जब्त

**मैहर।**

मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के पहले ही दिन मैहर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत के निर्देशन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत,पुलिस टीम ने मेडिकल नशे के अवैध कारोबार पर कड़ा प्रहार करते हुए प्रतिबंधित कफ सिरप की एक बड़ी खेप पकड़ी है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह और नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा की गई। पुलिस को रामपथगमन रोड (सतना-रीवा सर्विस लेन) पर एक संदिग्ध बोलेरो वाहन खड़ा मिला। जांच करने पर गाड़ी से 205 शीशी प्रतिबंधित आनरेक्स कफ सिरप और कफ सिरप की बिक्री से कमाए गए 5,96,500 नगद बरामद हुए। इस मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों (मुमताज शाह,दीपक सिंह,संजू सिंह, रंजीत सिंह और प्रिंस) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नशीली दवाएं,नगदी और करीब 10 लाख रुपये मूल्य की बोलेरो गाड़ी सहित कुल 16,36,475 का मशरूका जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ एन डी पीए स एक्ट और ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।









# महापौर ने इंजीनियरों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की, गुणवत्ता और समयबद्धता पर दिया जोर



**सतना।** महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने आज नगर निगम महापौर कक्ष में नगर निगम के इंजीनियरों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित कर शहर में संचालित विकास कार्यों की प्रगति,गुणवत्ता,समय-सीमा एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में महापौर ने विभिन्न निर्माण एवं विकास परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएँ। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुगम मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। महापौर श्री ताम्रकार ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही,अनियमितता अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से जनहित को सर्वोपरि रखते हुए पूरी जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

## मैहर में धूमधाम से निकली भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा



**मैहर।** आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के पावन अवसर पर मैहर नगर में भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा पूरी श्रद्धा,भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। यह धार्मिक यात्रा बड़े अखाड़ा से प्रारंभ होकर किला चौक,पुरानी बस्ती,शारदा टॉकीज, घंटाघर,चंडी देवी रोड एवं काली माता मंदिर मार्ग से होते हुए श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंची,जहां इसका विधि-विधान से समापन हुआ। रथ यात्रा के दौरान पूरा नगर भगवान जगन्नाथ,भाई बलभद्र और माता सुभद्रा के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह रथ का भव्य स्वागत किया,पुष्पवर्षा की और भगवान के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। यात्रा के समापन पर श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में भगवान को महाभोग लगाया गया,जिसके बाद एक विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इस भंडारे में बड़ी संख्या में आम जनता और श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। पूरे कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा और यातायात के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। धार्मिक आस्था और सामाजिक अनुशासन का यह अद्भुत संगम सराहनीय रहा।

## प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड में तीन दिवसीय फस्ट एड प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन



**सतना।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड ( सीमेंट डिवीजन) में 15 जुलाई को तीन दिवसीय फस्ट एड प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन शिफ्टों में आयोजित किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया तथा कार्यस्थल पर आपातकालीन चिकित्सा एवं व्यावहारिक प्राथमिक उपचार से संबंधित विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभागियों की लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा आयोजित की गई तथा सफल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी रीवा के अध्यक्ष डॉ.प्रभाकर चतुर्वेदी सहित डॉ.आनंद महिन्द्रा, डॉ.सुरेन्द्र सिंह,विजय तिवारी एवं जगजीवन पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति रही।प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड की ओर से राजेश कुमार ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ.प्रभाकर चतुर्वेदी ने फस्ट एड प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी दुर्घटना या आपातकालीन स्थिति में समय पर दिया गया प्राथमिक उपचार जीवनरक्षक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने कार्यस्थल पर प्रत्येक कर्मचारी के लिए प्राथमिक उपचार का ज्ञान अत्यंत आवश्यक बताया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मनीष कुमार सिंह (प्रेसिडेंट एवं प्लांट हेड) तथा डॉ.मनीष कुमार सिन्हा (हेड कॉर्पोरेट एचआर एवं हेड एचआरएम एंड कॉर्पोरेट अफेयर्स,सीमेंट डिवीजन) के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। उपरोक्त विषय की जानकारी प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम सीएसआर एंड पीआर देवेन्द्र मिश्रा ने दी।

## बाबू शंकर प्रसाद ताम्रकार की स्मृति में 11 वीं व्याख्यानमाला आयोजित




**सतना।** विद्याभारती महाकौशल प्रांत द्वारा परम श्रद्धेय बाबू शंकर प्रसाद ताम्रकार की पुण्यतिथि पर 11 वीं स्मृति व्याख्यानमाला एवं श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन बुधवार को सरस्वती आवासीय विद्यापीठ के शंकर सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षाविदों,समाजसेवियों एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता एवं विद्या भारती मध्यप्रदेश के अध्यक्ष विवेक शेंडये ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबू शंकर प्रसाद ताम्रकार का जीवन शिक्षा,समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.इलेश कुमार जैन ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में शिक्षा एवं संस्कार आधारित समाज निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। समारोह के अंत में सतना महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने सभी अतिथियों,वक्ताओं एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्मृति व्याख्यानमाला जैसे आयोजन समाज में शिक्षा,संस्कार और राष्ट्रभावना को सुदृढ़ करने के साथ नई पीढ़ी को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का समापन श्रद्धांजलि अर्पित करने एवं राष्ट्र निर्माण के मूल्यों के प्रति सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

## नियमों की धज्जियां: सीज होने के बाद भी 'जय मां शारदा क्रेशर' में धड़ल्ले से डंपिंग, खनिज विभाग मौन



**मैहर।** जिला मैहर के बठिया स्थित 'जय मां शारदा क्रेशर' में नियमों और प्रशासनिक आदेशों को ठेंगा दिखाकर काम जारी रखने का एक गंभीर मामला सामने आया है। हैरान करने वाली बात यह है कि जिस क्रेशर को जिला प्रशासन द्वारा आधिकारिक तौर पर सीज (बंद) कर दिया गया था,वहां अब भी भारी मात्रा में चूना पत्थर (लाइमस्टोन) की डंपिंग धड़ल्ले से की जा रही है। क्रेशर परिसर में हो रहे इस अवैध भंडारण ने अब प्रशासनिक मुस्तैदी और साख पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। गौरतलब है कि कुछ समय पहले प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने इस क्रेशर का औचक निरीक्षण किया था,जिसमें प्रदूषण मानकों के उल्लंघन और कई गंभीर अनियमितताएं उजागर हुई थीं। इसके बाद विभाग ने क्रेशर संचालक पर 30 लाख रुपये का भारी-भरकम जुर्माना लगाया था। इसी जांच रिपोर्ट के आधार पर मैहर कलेक्टर ने सख्त कदम उठाते हुए क्रेशर को तुरंत सीज करने के आदेश दिए थे। इसके बावजूद,क्रेशर में अवैध गतिविधियां जारी रहना और इस पर खनिज विभाग की चुप्पी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

**खबर संक्षेप**

## 40 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर भी सहायक ग्रेड-तीन पद के लिए सीपीसीटी परीक्षा से छूट नहीं

पन्ना। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सीपीसीटी परीक्षा से छूट के संबंध में महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण जारी किया गया है। इस संबंध में अवगत कराया गया है कि कतिपय विभाग एवं अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा 40 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 15 नवम्बर 1984 एवं 16 जनवरी 1992 की त्रुटिपूर्ण व्याख्या कर शासकीय सेवकों की परिवीक्षा समाप्त कर नियमितिकरण की कार्यवाही की जा रही है, जो उचित नहीं है। बताया गया है कि राज्य शासन के कार्यों को दक्षता से संपादित करने के लिए सेवाओं की अर्हताएं निर्धारित हैं। सहायक ग्रेड-तीन के पद के लिए सीपीसीटी परीक्षा भी अनिवार्य अर्हता निर्धारित की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग के उक्त दोनों परिपत्र हिंदी मुद्रलेखन परीक्षा में छूट से संबंधित हैं, जबकि सीपीसीटी परीक्षा कम्प्यूटर दक्षता से संबंधित है। हिंदी मुद्रलेखन परीक्षा एवं सीपीसीटी परीक्षा पृथक-पृथक अर्हताएं हैं। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सीपीसीटी से छूट के संबंध में कोई प्रावधान नहीं किया गया है एवं न ही कोई निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध ऐसे सभी आदेशों को निरस्त करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें सीपीसीटी परीक्षा से छूट प्रदान कर शासकीय सेवकों की परिवीक्षा समाप्त कर नियमितीकरण की कार्यवाही की गई है। संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध भी समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

## समिति सदस्यों का सम्मेलन 27 जुलाई को

पन्ना। मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आगामी 27 जुलाई को जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया गया है। यह सम्मेलन हंसध्वनि सभागार, रविन्द्र भवन भोपाल में होगा। पन्ना जिले से 31 समिति सदस्यों में सांसद विष्णुदत्त शर्मा, विधायकगण बृजेन्द्र प्रताप सिंह, राजेश कुमार वर्मा, प्रह्लाद लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे एवं नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय सहित समस्त जनपद पंचायत अध्यक्ष, विभिन्न क्षेत्रों से जयप्रकाश चतुर्वेदी, सतानंद गौतम, रामबिहारी चौरसिया, ऊषा सोनी, रामअवतार पाठक, विनोद तिवारी, शारदा पाठक, फुंदर चौधरी, शिवदयाल बागरी, उमेश शर्मा, सुदामा पटेल, रामअवतार सिंह आदिवासी, डॉ. देवेन्द्र सिंह परमार, आनंद लोधी, उमेश निगम, संतोष रैकवार, गोविन्द सिंह यादव, सत्येन्द्र त्रिसोलिया, अनिल सिंह एवं राकेश शर्मा (धामी) शामिल हैं।

## अजयगढ़ बस स्टैंड पर गंदगी का अंबार, नगर परिषद के स्वच्छता दावों की खुली पोल

**अजयगढ़।** नगर परिषद अजयगढ़ एक ओर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी ओर नगर के मुख्य बस स्टैंड की हालत इन दावों की हकीकत बयां कर रही है। बस स्टैंड परिसर में जगह-जगह कूड़े के ढेर, फैली गंदगी और बदबू के कारण यात्रियों, दुकानदारों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टैंड पर प्रतिदिन सैकड़ों यात्री आते-जाते हैं, लेकिन परिसर में नियमित सफाई नहीं होने से चारों ओर कचरा फैला हुआ दिखाई देता है। कई स्थानों पर नालियों के आसपास गंदगी जमा है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। ऐसी स्थितियों में यात्रियों को मजबूरी में गंदगी के बीच खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है।

# मौत के मुहाने पर गुनौर का मंडी तिराहा प्रशासन की अनदेखी से कभी भी घट सकती है बड़ी अनहोनी

**गुनौर।** गुनौर नगर का अमानगंज मुख्य मार्ग इन दिनों एक ऐसे श्डेथ ट्रैपश (जानलेवा जाल) में तब्दील हो चुका है, जहाँ सड़क पर बना एक गहरा गड्ढा किसी बड़े हादसे को आमंत्रण दे रहा है। मंडी तिराहा के पास सड़क के ठीक बीचों-बीच बना यह गड्ढा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए यमराज का द्वार साबित हो रहा है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार विभाग इस गंभीर खतरे को देखकर भी श्अंधेश बने हुए हैं।



### बारिश ने बढ़ाई मुसीबत, आंखों का धोखा बन रहा गड्ढा-

मानसून की दस्तक के साथ ही इस गड्ढे ने विकराल रूप ले लिया है। पानी भरने के कारण गड्ढे की गहराई का अंदाजा लगाना नामुमकिन हो जाता है। अनभिज्ञ वाहन चालक, विशेषकर दुपहिया वाहन सवार और स्कूली बच्चों को ले जाने वाली बसें अक्सर इस गहरे गड्ढे में गिरकर अनियंत्रित हो जाती हैं। राहगीरों का कहना है कि यह केवल एक गड्ढा नहीं, बल्कि एक खुला निमंत्रण हैकृकिसी की जान जाने का।

### जिम्मेदारों की आँखों के सामने, फिर भी अनदेखी क्यों?-

सबसे बड़ा सवाल यह है कि इस व्यस्त मार्ग से प्रतिदिन प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और लोक निर्माण विभाग (च्ॅक्) के जिम्मेदार अमले का गुजरना होता है। क्या उन्हें यह जानलेवा गड्ढा दिखाई नहीं देता? या फिर प्रशासन किसी बड़ी जनहानि का इंतजार कर रहा है? स्थानीय निवासियों का आरोप है कि जिम्मेदारों की यह चुप्पी न केवल लापरवाही है, बल्कि जनता की सुरक्षा के प्रति संवेदनहीनता का प्रमाण है।

### सड़क सुरक्षा के दावों की खुली पोल-

अचानक ब्रेक या मोड़रू गड्ढे से बचने की कोशिश में चालक अचानक ब्रेक मारते हैं या वाहन घुमाते हैं, जिससे सामने से आने वाले वाहनों से भीषण टक्कर का खतरा हर पल बना रहता है। रात का सफर, जान का जोखिमरू रात के अंधेरे और बारिश में यह गड्ढा और भी खतरनाक हो जाता है, क्योंकि यहाँ सुरक्षा के लिए कोई रिफ्लेक्टर या चेतावनी बोर्ड नहीं लगा है। प्रशासनिक उदासीनतारू स्थानीय लोगों ने कई बार शिकायत करने का प्रयास किया, लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन का लॉलीपॉप थमा दिया जाता है।

### जनता की प्रशासन से पुरजोर मांग-

नगरवासियों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग को चेताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। तत्काल मरम्मतरू गड्ढे को भरकर सड़क को तुरंत सुगम बनाया जाए। सुरक्षा इंतजामरू जब तक स्थायी मरम्मत न हो, तब तक गड्ढे के चारों ओर बैरिकेडिंग की जाए और चेतावनी बोर्ड (साइन बोर्ड) तथा रिफ्लेक्टर लगाए जाएं। जवाबदेही तय होरू बार-बार गुहार लगाने के बावजूद मरम्मत न करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। यह सवाल आज हर गुनौर वासी की जुबान पर है। यदि समय रहते इस गड्ढे को ठीक नहीं किया गया, तो आने वाले समय में होने वाली किसी भी बड़ी दुर्घटना की नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी जिला प्रशासन और संबंधित विभाग की होगी।

# अमानगंज में बिजली विभाग की घोर लापरवाही 3 माह से भटक रहा किसान, फसलें सूखने की कगार पर!

**ग्राम मकरदगंज सिमरिया के पीड़ति किसान मोती लाल कुशवाहा ने खोला मोर्चा**

**30 अप्रैल को आए तूफान के बाद से ध्वस्त पड़े हैं बिजली के पोल, अधिकारी कुंभकर्णी नींद में लीन**

**अमानगंज ।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिला अंतर्गत अमानगंज तहसील के ग्राम मकरदगंज सिमरिया में बिजली विभाग की तानाशाही और घोर लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया है। यहाँ के एक जागरूक और पीड़ति किसान मोती लाल कुशवाहा पिता श्री रामऔतार कुशवाहा विभाग के चक्कर काट-काटकर थक चुके हैं, लेकिन अंधेरगर्दी का आलम यह है कि अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है।

### तूफान को गुजरे 3 महीने बीते, पर नहीं जागा विभाग-

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीती 30 अप्रैल 2026 को आए तेज आंधी-तूफान के कारण ग्राम हिनौता भेड़ में मुख्य विद्युत लाइन के 2 पोल और तार पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर धराशायी हो गए थे। इसी मुख्य लाइन से किसान मोती लाल



कुशवाहा के खेतों में रखी डी.पी. (विद्युत कनेक्शन क्र. 354422-99-1-2075116 एवं 354422-99-1-2090170) तक सप्लाई पहुंचती है। पोल टूटने के कारण पिछले 20 दिनों से क्षेत्र की बत्ती पूरी तरह गुल है।

### अधिकारियों के मौखिक आश्वासनों की खुली पोल-

पीड़ति किसान का आरोप है कि पिछले 2 महीने से वे लगातार बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को मौखिक रूप से इस गंभीर समस्या से अवगत करा रहे हैं। लेकिन हर बार सिर्फ खोखले आश्वासन ही हाथ लगे। धरातल पर सुधार कार्य के नाम पर आज दिनांक तक एक ईंट भी नहीं हिलाई गई है।

### खतरे में किसानों की आजीविका-

बिजली सप्लाई ठप होने के कारण किसान की खेती-बाड़ी और सिंचाई का काम पूरी तरह ठप हो चुका है। भीषण गर्मी के इस मौसम में पानी न मिलने के कारण फसलें दम तोड़ रही हैं। एक तरफ सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के दावे करती है, वहीं दूसरी तरफ अमानगंज बिजली विभाग के सुस्त और लापरवाह रवैये के कारण अन्नदाता दाने-दाने को मोहताज होने की कगार पर पहुंच गया है।

### तुरंत बदले जाएं पोल, वरना उग्र आंदोलन की चेतावनी-

पीड़ति आवेदक ने अब लिखित शिकायती पत्र सौंपकर मांग की है कि विभाग तत्काल मौके का मुआयना करे। टूटे हुए दोनों पोलों को बदलकर नए पोल खड़े किए जाएं और क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन को दुरुस्त कर बिजली सप्लाई तुरंत बहाल की जाए। यदि जल्द ही इस अंधेरे साम्राज्य से मुक्ति नहीं मिली, तो पीड़ति किसान और ग्रामीणों को उग्र कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत मंडल और स्थानीय प्रशासन की होगी।

रथ पर सवार होकर निकले जगत के नाथ, पवई नगरवासियों ने किये दर्शन

# ढोल नगाड़ों और गाजे बाजे के साथ निकली महा प्रभु की रथ यात्रा

## जगदीश स्वामी मंदिर में पुलिस बल ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर, गूंजे जयघोष

**पवई।** देश प्रदेश के साथ पन्ना जिले में भी जगत के नाथ जगन्नाथ स्वामी जी की रथ यात्रा निकाली जा रही है। पवई नगर भी भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर है। गुरुवार को यात्रा के पहले दिन स्थानीय जगदीश स्वामी मंदिर सबसे पहले रथ की साफ सफाई की गई,जिसके बाद भगवान जगन्नाथ, बहिन सुभद्रा,भाई बलभद्र की प्रतिमाओं को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रथ में विराजमान किया गया, और मंगल आरती की गई जिसमें जनपद अध्यक्ष मोहनी आनंद मिश्रा, एसडीएम समीक्षा जैन,मंडल अध्यक्ष व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।तत्पश्चात पुलिस बल के द्वारा सलामी(गॉड ऑफ ऑनर)दी गई। इसके बाद भगवान जगन्नाथ नगर वासियों को दर्शन देने के लिए रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले, इस दौरान ढोल नगाड़ों और गाजे बाजे के साथ पूरा नगर



जयघोष से गुंजायमान रहा। ष्जय जगन्नाथष् के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। भक्तों ने रस्सियों की सहायता से रथ को खींचकर धर्म लाभ लिया। चाहे आम हो या खास सभी भगवान की भक्ति में लीन दिखाई दिए। रथ यात्रा जगदीश स्वामी मंदिर से शुरू होकर अजय मेडिकल,गांधी चौक,झंडा बाजार,कन्या शाला, मोहन्द्रा मोड से होते हुए नन्ही पवई पहुंची जहां रात्रि विश्राम होगा ।मार्ग में जगह-जगह नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर भगवान का स्वागत किया आरती की और प्रसाद वितरित किया।यह रथ यात्रा नगर में भाईचारे और सौहार्द का संदेश देती है। स्थानीय प्रशासन, नगरीय प्रशासन और पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैनात रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि और अधिकारी कर्मचारी व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उपनिरीक्षक आर.आर. प्रजापति बने टीआई अजयगढ़ सहित जिलेभर में खुशी की लहर



**अजयगढ़।** पूर्व चौकी प्रभारी ककरहटी एवं वर्तमान में थाना अजयगढ़ में पदस्थ उपनिरीक्षक आर.आर. प्रजापति को पदोन्नत कर निरीक्षक (थाना प्रभारी/टीआई) बनाया गया है। उनकी पदोन्नति की खबर मिलते ही अजयगढ़ क्षेत्र सहित पूरे जिले में खुशी का माहौल बन गया। शुभचिंतकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। लोगों ने उनके अब तक के कार्यकाल की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि निरीक्षक के रूप में भी वे अपनी कर्तव्यनिष्ठा, निष्पक्ष कार्यशैली और बेहतर पुलिसिंग से जनता का भरोसा और मजबूत करेंगे। बधाई देने वालों का दिनभर तांता लगा रहा। सभी ने आर.आर. प्रजापति के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं सफल कार्यकाल की कामना करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# भगवान श्री जुगुल किशोर मंदिर धर्मशाला में जहां बरनी बैठे श्री किशोरदास जी महराज वहीं भागवत कथा स्वामी श्री राजेन्द्रदास देवाचार्य जी महाराज के द्वारा सुनाई जा रही श्रृद्धाभाव भक्ति की महिमा

**भगवान श्री जुगुल किशोर महाराज की कृपा से जहां बरनी बैठे श्री किशोरदास जी महाराज वहीं स्वामी श्री राजेन्द्रदास देवाचार्य जी अपने मुखारबिंदों से श्रृद्धालु भक्तिों को श्रीमद भागवत कथा कहते हुए श्रृद्धा के भाव को श्रृद्धालु भक्तों को बता रहे महिमा। रामचरित्र मानस में तुलसीदास जी महाराज ने जहां श्रृद्धा बिना धर्म नहीं होई तो बयां किया पर यहां श्रृद्धा का भाव की महिमा को वर्णन स्वामी श्री राजेन्द्रदास जी महाराज किस तरह से समझा रहे थे जिसमें एकांत जैसा वातावरण भरे महौल में नजर आ रहा था। इस तरह से किशोर जी मंदिर धर्मषाला में बह रही धर्म की गंगा।**

**पन्ना।**

पन्ना में इस समय भगवान श्री जुगुल किशोर की कृपा से अद्भुद धर्म की लहर कहें तो अतिष्योक्ति नहीं पूर्व मंत्री पन्ना विधायक



बृजेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयासों के चलते जिस तरह से पन्ना में भगवान श्री जुगुल किशोर मंदिर धर्मषाला में भागवत कथा का आयोजन जो रखा जिसमें स्वयं किषोरदास जी महाराज जो बरनी बैठे हुए है। वहीं स्वामी राजेन्द्रदास जी महाराज अपने मुखारबिन्दों से भागवत कथा भक्तों को सुना रहें। वहीं भगवान श्री जुगुल किषोर जी महिमा उनकी कृपा से धर्मषाला में जहां भक्तों की आपार भीड़ वहीं श्रृद्धा बिना धर्म नहीं होई जिस तहर से रामचरित्र मानस में महाकवि तुलसी दास जी महाराज वर्णन किया। यहां भागवत कथा के साथ भक्तों को श्रृद्धा की महिमा श्रृद्धा का भाव किस तरह से गुरूओं पर आपार श्रृद्धा तय होती है साक्षात वर्णन किया जा रहा था। निष्चितौर पर इस समय भगवान श्री जुगुल किषोर धर्मषाला में स्वयं ही नजर आ रहा है किस तरह से धर्म की गंगा बह रही है। जहां संतों का समागम वहीं श्रीमद भागवत कथा जो जीवन को सार्थक बनाने के लिए उद्धार को लेकर मानी जाती है। जिसका वर्णन स्वयं अपने मुखारबिन्दों से स्वामी राजेन्द्रदास जी महाराज के द्वारा किया जा रहा है। वहीं बरनी बैठे किशोरदास जी महाराज जिनके प्रांगण में संभव हो रहा है धर्म की यह गंगा प्रवाहित होना ऐसे हमारे नगर में धर्मप्रेमियों के प्राणों प्राण भगवान श्री जुगुल किषोर महाराज जी जिनकी कृपा से ही इतना विषाल रूप से जहां धार्मिक आयोजन जो अपने आप में कहीं न कहीं भावी भविष्य के लिए उदाहरण बनने जा रहा है। इस तरह से धर्म की गंगा बह रही है।

# भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा पर भगवान की पूजन-अर्चन, महाराज पन्ना के करने के बाद रथ में सवार होकर भगवान की रथयात्रा निकाली गई

**भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में महाराज रावतपुरा सरकार वहीं खजुराहो सांसद बी.डी. शर्मा, पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे तथा नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ आम जनता में भारी उत्साह आ रहा था नजर।**

**पन्ना।**

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा प्रतिवर्ष की तरह जैसे ही आज के दिन निकाली जाती है जिनकी महिमा का जो वर्णन मिलता है वह देखने को मिला। इस दिन भगवान की रथयात्रा में पानी की बारिष आकाष से जो होती है वह आज के दिन ठीक रथयात्रा के समय जब भगवान को रथों में विराजमान करना था रथों की तैयारियां हो रही थी उस समय आकाष से भगवान इन्द्रदेव की कृपा बारिष के रूप में नजर आ रही थी। वहीं इस वर्ष रथयात्रा में अलग ही उत्साह आम जनता में देखा जा रहा था। तथा रथयात्रा आरंभ होने के पहले रथों में भगवान जगन्नाथ सवार करते हुए उनकी पूजन-अर्चन





पन्ना महाराज के द्वारा की जा रही थी साथ ही रथयात्रा में प्रमुख रूप से जहां रावतपुरा सरकार की उपस्थिति तथा खजुराहो सांसद बी.डी. शर्मा एवं पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे तथा नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ आम जनता की भीड़ देखते ही बनती थी। मंदिर प्रांगण से लेकर प्रमुख सड़क जो बल्दाउ जी मंदिर मार्ग को जाती है जहां अपने-अपने घरों के ऊपर छतो में भी एक झलक पाने के लिए भगवान के दर्षन हेतु लोगों की ललक देखी जा रही थी। वहीं पुलिस प्रषासन के द्वारा अपने दायित्वों का निर्वाहन सजगकता के साथ किया जा रहा था। इस तरह से प्रतिवर्ष की तरह भगवान जगन्नाथ यात्रा बड़े हर्षोउल्लास के साथ निकाली गई।




महिला के द्वारा लगाए गए आरोप निराधार

# पूर्व पीसीओ सुरेन्द्र सिंह परमार ने थाना देवेंद्रनगर में सौंपा आवेदन पत्र

**देवेंद्रनगर।** पन्ना जिले के देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खिरवा टोला की एक महिला द्वारा रैगढ़ निवासी पूर्व पीसीओ सुरेन्द्र सिंह परमार पर जबरन शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालने,विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने तथा लगातार प्रताड़ति करने का आरोप लगाया हैं। इस शिकायती आवेदन को लेकर 16 जुलाई को पूर्व पीसीओ सुरेन्द्र सिंह परमार द्वारा भी थाना देवेंद्रनगर में अपने विरुद्ध गलत निराधार आरोप लगाने के संबंध लिखित आवेदन दिया गया हैं जिसमें उन्होंने बताया हैं कि उनकी खेती खिरवा टोला में जहां पर गांव के कुछ लोगों द्वारा पांच एकड़ शासकीय गोठान की जमीन पर अवैध रूप से मकान बना लिए हैं। उन्होंने गांव के प्रमोद बागरी जनपद सदस्य पर चुनावी रंजिश का आरोप लगाया है और कहा कि उसके द्वारा उक्त महिला से मेरे ऊपर झूठे निराधार मनगढंत आरोप लगाये जा रहे हैं। जिससे उनकी छवि धूमिल हो रही हैं और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया जा रहा हैं। वहीं वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में डाले जा रहे हैं।उन्होंने पुलिस से आवेदन के माध्यम से महिला के द्वारा झूठी शिकायत की निष्पक्ष जांच कराकर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने एवं अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

# नशे से दूरी है जरूरी 2.0 शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल हरदी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अजयगढ़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल हरदी में श्नशे से दूरी है जरूरी 2.0श नशामुक्ति जनजागृति अभियान पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और एक स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज का निर्माण करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता धर्मपुर थाना प्रभारी अनिल सिंह राजपूत ने नशे की सटीक और गंभीर परिभाषा देते हुए कहा कि ष्जिसके बिना व्यक्ति रह न सके, वही नशा है।ष उन्होंने नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नशा न केवल स्वास्थ्य को खोखला करता है, बल्कि यह परिवार के लिए आर्थिक और सामाजिक अभिशाप है। उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि, 15 से 20 वर्ष के छात्रों को अपनी कार्य योजना बनाते हुए चिंतन करना चाहिए आने वाले भविष्य में हम क्या कर सकते हैं ष्प्रत्येक व्यक्ति उच्च अधिकारी या नेता नहीं बन सकता,



किन्तु जीवन में कभी नशा न करके, वह बिना किसी धन-संपत्ति के भी समाज में एक श्नशामुक्तश होने की सबसे बड़ी उपाधि प्राप्त कर सकता है।ष आज से 20 -25 वर्ष में हम सभी वर्ग के विद्यार्थी ही इस समाज में कहीं व्यापार कहीं प्रशासन कहीं संस्थानों में अपनी सेवाएं देंगे उसमें हम सुनिश्चित करेंगे कि स्वयं भी नशा नहीं करेंगे और नशे से संबंधित व्यापार को भी बढ़ावा नहीं देंगे। कार्यक्रम में प्राचार्य ए. के. भुर्जी एवं शिक्षक सुरेंद्र सिंह ने छात्रों से नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण के कार्यों में लगाने का आह्वान किया। साथ ही शिक्षक कमलेश सिंह ने ज्ञान और पुस्तकों को नशे का सबसे अच्छा विकल्प बताया तथा मोबाइल इत्यादि से भी दूर रहने की उचित सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुरेंद्र सिंह द्वारा किया गया, जिन्होंने अत्यंत प्रेरणादायक शब्दों में नशामुक्ति के संदेश को प्रसारित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ए.के. भुर्जी, थाना प्रभारी अनिल सिंह राजपूत शिक्षक सुरेंद्र सिंह कमलेश सिंह, रज्जाक खान महेश पटेल राम प्रकाश अहिरवार भाईरामलोध हिमांशी तिवारी उपस्थित सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों को सामूहिक रूप से श्नशामुक्तिश की शपथ दिलाई।

## खबर संक्षेप

### आईएफएमआईएस केयर कैंप का आयोजन 17 जुलाई को

**कटनी।** आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर से जुड़ी तकनीकी एवं प्रक्रियागत समस्याओं के समाधान के लिए जिला कोषालय कटनी में 16 व 17 जुलाई को आईएफएमआईएस केयर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी अरविन्द सिंह ठाकुर नें बताया कि जिला कोषालय परिसर में आयोजित इस कैंप में आईएफएमआईएस संचालन से जुड़ी समस्याओं की जानकारी लेकर उनका त्वरित निराकरण किया जाएगा। वहीं, जिन समस्याओं का समाधान भोपाल स्तर से संभव होगा उनके लिए संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर समाधान कराया जाएगा। उन्होने जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से अपील की है कि वे आईएफएमआईएस से जुड़ी समस्याओं का विवरण उपलब्ध कराते हुए कैंप में सहभागिता करें यदि आवश्यक हो तो सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी कों भी कैम्प में उपस्थित होने के लिए निर्देशित करें ताकि समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जा सके।

### जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में बैठक कल

**कटनी।** भूतपूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याण हेतु जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, कटनी में शुक्रवार, 17 जुलाई को सुबह 10:30 बजे विशेष बैठक आयोजित की गई है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी डॉ. शास्त्री प्रसाद त्रिपाठी (सेवानिवृत्त) ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक के दौरान जबलपुर से आने वाली ईसीएचएस (ECHS) मोबाइल मेडिकल टीम भी उपस्थित रहेगी, जो स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक परामर्श प्रदान करेगी। उन्होंने जिले के सभी भूतपूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं एवं आश्रितों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बैठक में शामिल होकर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाएं।

### स्नातक एवं स्नातकोत्तर की कक्षाओं में 31 तक ले सकेंगे प्रवेश

**कटनी।** उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए द्वितीय चरण की कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी प्रदेश के शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में 31 जुलाई तक प्रवेश ले सकेंगे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार द्वितीय चरण की सीएलसी की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 थी, जिसे बढ़ाकर अब 31 जुलाई 2026 कर दिया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित अन्य सभी शर्तें, नियम एवं दिशा-निर्देश पूर्ववत लागू रहेंगे।

### जिले में अब तक 197.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज



**कटनी।** जिले में 1 जून से 15 जुलाई तक कुल 197.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्य अवधि के दौरान जिले में 529.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान स्लीमनाबाद तहसील में रिकार्ड 672.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 367.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 228.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 271.1 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 64.5 मिलीमीटर, बरही तहसील में 145.8 मिमी और विजयराघवगढ़ तहसील में 146.1 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 221.9 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 367.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 129.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## कमीशन एवं लेवर व्यय का नहीं हुआ भुगतान, समिति प्रबंधक परेशान?

# वेयर हाउस में गेहूं जमा होने के एक माह बाद बताई शॉर्टेज संगठन ने ज्ञापन सौंपकर कलेक्टर से की जांच की मांग



**छतरपुर।** मध्यप्रदेश सहकारिता समिति महासंघ भोपाल जिला ईकाई छतरपुर जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह समिति प्रबंधक भगवां समिति प्रबंधकों के साथ मिलकर कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौपते हुए शिकायत की है कि गेहूं उपार्जन वर्ष 2026-27 में गेहूं की सार्टेज बेयर हाउस में जमा होने के एक माह बाद समिति प्रबंधको को जानकारी दी गई। वही वर्ष 2024-25 एवं 25-26 का कमीशन वा लेवर का भुगतान नही किया गया। संगठन ने समस्याओं के संबंध में बैंक प्रशासक को भी विज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया।

ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि गेहूं उपार्जन वर्ष 2026-27 में समितियों को गेहूं उपार्जन केन्द्र बनाकर उपार्जन कार्य किया गया। उपार्जन के बाद बेयर हाउस में समितियों द्वारा गेहूं जमा किया गया, लेकिन गेहूं जमा होने के लगभग एक माह बाद गेहूं के सार्टेज के संबंध में समितियों को अवगत कराया गया। जबकि परिवहन कर्ताओं द्वारा तत्काल में केन्द्रों से गेहूं जमा करते समय संबंधित समिति प्रबंधक एवं नोडल एजेंसी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक छतरपुर को अवगत नही कराया गया जबकि गेहूं का उठाव करते समय तौल पत्रक, पावती नही दी गई एवं बेयर हाउस में गेहूं जमा करते समय बिल्टी, ट्रक चालान, जमा की पावती तत्काल संस्था को उपलब्ध नही कराई गई। अब गेहूं की सार्टेज बताई जाने से समिति प्रबंधक परेशान है और कहीं ना कहीं इसमें साजिश का होना बताया जा रहा है। इसी क्रम में नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा गेहूं उपार्जन बर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में उपार्जन केन्द्रो को लेवर व्यय एवं कमीशन की राशि का भुगतान नहीं किया गया है जिससे संस्थाओं को हानि हो रही है। एवं गेहूं कैश क्रेडिट बकाया होने के कारण निरंतर ब्याज का भार वहन करना पड़ रहा है। साथ ही संस्था के कर्मचारियों को बेतन भुगतान नहीं हो पा रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि समस्त संस्था कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए गेहूं सार्टेज का निराकरण एवं बिगत बर्षो के लेवर व्यय वा कमीशन की राशि का निराकरण किया जाए। ज्ञापन में जिन लोगों के हस्ताक्षर है उनमें राममिलन अवस्थी, दुर्गा प्रसाद यादव, दरवारी लाल, हरिराम लोधी, संतोष रावत, किशोरीलाल विश्वकर्मा, लोकमन राय, जालम सिंह, संतोष यादव, पंकज शर्मा, संतोष गोस्वामी, रामअवतार मिश्रा, रनवीर मिश्रा, जीतेन्द्र बिलथरे, करण सिंह, संतोष कुमार पटैरिया आदि नाम शामिल होना बताया है।

# भक्ति और उल्लास के साथ निकली भगवान जगन्नाथ स्वामी की भव्य रथयात्रा, जयघोष से गूंजा शहर



**नौगांव।** आस्था, श्रद्धा और भक्तिभाव के वातावरण में गुरुवार को नगर के बड़ोनिया मंदिर से भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की भव्य रथयात्रा निकाली गई। रथ पर विराजमान भगवान श्री जगन्नाथ के दर्शन के लिए मार्गभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। नगर के विभिन्न प्रमुख चौराहों पर पुष्पवर्षा कर रथयात्रा का स्वागत किया गया और भक्तों ने जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ यात्रा का अभिनंदन किया।

गुरुवार की शाम 4 बजे बड़ोनिया मंदिर से प्रारंभ हुई रथयात्रा मनसा देवी मंदिर, खुशबू वीडियो, नगरपालिका चौराहा, बंटा सेठ चौराहा और ईसानगर चौराहा सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः बड़ोनिया मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ के भजनों पर झूमते हुए चल रहे थे। बैंड-बाजों की मधुर धुन, सजी-धजी बग्घियां और घोड़े शोभायात्रा का प्रमुख आकर्षण रहे।

रथयात्रा में महिलाओं की सहभागिता विशेष रूप से देखने को मिली। बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और युवा भक्त पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ यात्रा में शामिल हुए। नगरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर रथयात्रा का स्वागत कर भगवान श्री जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

यात्रा के समापन पर बड़ोनिया मंदिर में भगवान श्री जगन्नाथ की आरती एवं पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। भक्तों ने भगवान श्री जगन्नाथ से नगर एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की प्रार्थना की।

# खजुराहो फोरलेन पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन का कहर, वृद्ध की मौत



**बमीठा।** खजुराहो फोरलेन स्थित बेनीगंज बांध के पास रात करीब 8 बजे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क किनारे मौजूद 65 वर्षीय हीरालाल पटेल निवासी सददूपुरा और एक भैंस को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में हीरालाल पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि भैंस भी बुरी तरह घायल होकर सड़क पर गिर गई। घटना के बाद परिजन तत्काल घायल हीरालाल पटेल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। वहीं घायल भैंस काफी देर तक सड़क पर पड़ी रही। सूचना मिलते ही बमीठा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

**देरी रोड पर अधूरे सड़क चौड़ीकरण से लोग परेशान**

# डेढ़ माह से खुदी पड़ी सड़क पर जाम और हादसों का खतरा



**छतरपुर।** शहर के देरी रोड पर नगर पालिका द्वारा शुरू किया गया सड़क चौड़ीकरण का कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से स्थानीय रहवासी और व्यापारी भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। सड़क के एक हिस्से का चौड़ीकरण कर दिया गया, जबकि दूसरे हिस्से को करीब सात फीट तक खोदने के बाद निर्माण कार्य रोक दिया गया। इससे आए दिन यातायात जाम की स्थिति बन रही है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है।स्थानीय नागरिक आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि करीब डेढ़ माह पहले सड़क खोद दी गई थी, लेकिन उसके बाद से चौड़ीकरण का कार्य शुरू नहीं हुआ। इस मार्ग से स्कूल बसों सहित बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं, जिससे रोजाना ट्रैफिक जाम लगता है। उन्होंने बताया कि 15 दिन पहले नगर पालिका में आवेदन देकर सड़क निर्माण जल्द पूरा कराने की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि यदि फिलहाल चौड़ीकरण संभव नहीं है तो कम से कम सड़क को पहले जैसी स्थिति में भर दिया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।वहीं महेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि खुदी हुई सड़क के कारण लोगों को आवाजाही में काफी दिक्कत हो रही है। कई लोग गड्ढों में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। उन्होंने नगर पालिका से मांग की कि सड़क का निर्माण कार्य जल्द पूरा कराया जाए या फिर सड़क को पूर्ववत कर दिया जाए, ताकि आमजन को परेशानी से निजात मिल सके।स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर पालिका और संबंधित ठेकेदार ने अब तक कार्य दोबारा शुरू नहीं किया है। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

# 315 बोर की बंदूक दिखाकर ट्रक चालक से कथित अवैध वसूली, बमीठा थाना क्षेत्र का वीडियो वायरल

**छतरपुर** जिले के बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बसारी बकलनपुरवा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के संबंध में दावा किया जा रहा है कि ट्रक चालक को 315 बोर की बंदूक दिखाकर कथित रूप से अवैध वसूली और धमकाने की घटना को अंजाम दिया गया। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, गंज निवासी पंकज सिंह पिता जगत सिंह सरपंच सादनी पर आरोप है कि उन्होंने अपने पिता के साथ मिलकर ट्रक चालक के साथ कथित मारपीट की, हथियार का प्रदर्शन किया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना का वीडियो सामने आने के बाद मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग उठ रही है।

हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है और पुलिस की ओर से सीएसपी अरूण सोनी ने बताया कि एक वीडियो सामने आया है। जांच के बाद आरोपी पर विधिसम्मत कार्रवाही की जाएगी।

# खेत जाते समय युवक को जहरीले सांप ने डसा, जिला अस्पताल में भर्ती



**छतरपुर।** जिले के मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम मातगुवां में खेत पर बंधी गायों को पानी पिलाने जा रहे एक युवक को जहरीले सांप ने डस लिया। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, ग्राम मातगुवां निवासी 40 वर्षीय गोवरधन राजपूत पिता सरजू प्रसाद राजपूत शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे अपने घर से खेत पर बंधी गायों को पानी पिलाने जा रहे थे। रास्ते में पडने वाली नालीनुमा जगह से गुजरते समय पत्तों में छिपे एक जहरीले सांप ने उनके पैर में काट लिया। सांप के काटते ही गोवर्धन किसी तरह घर पहुंचे और परिजनों को घटना की जानकारी दी।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन घायल को निजी वाहन से तत्काल जिला अस्पताल, छतरपुर लेकर पहुंचे। अस्पताल की इमरजेंसी में ड्यूटी पर मौजूद डॉ. रवि सोनी ने प्राथमिक उपचार करने के बाद घायल को मेल मेडिकल वार्ड में भर्ती कर दिया। फिलहाल युवक का उपचार जारी है और चिकित्सकों की निगरानी में उसकी हालत पर नजर रखी जा रही है।

# जमीन विवाद में दंपती पर जानलेवा हमला, लाठी-डंडों कुल्हाड़ी और रॉड से मारपीट; थाने में शिकायत दर्ज



**राजनगर।** थाना क्षेत्र के ग्राम परा में जमीन विवाद को लेकर शाम करीब 7 बजे एक दंपती के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घायल कंदु पाल (45) पिता नथू पाल ने आरोप लगाया है कि वह अपनी पत्नी रोशनी पाल के साथ खेत पर मौजूद थे, तभी पुराने जमीन विवाद को लेकर आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया।

पीड़ित के अनुसार, कल्लू पाल, रमेश पाल, गीता पाल, अंजू पाल, रन्नू पाल सहित एक अन्य तथा उनके साथ आए करीब एक दर्जन लोगों ने लाठी-डंडों, कुल्हाड़ी और लोहे की रॉड से हमला किया। हमले में कंदु पाल और उनकी पत्नी रोशनी पाल घायल हो गए। घटना के बाद दोनों को देर रात उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत राजनगर थाना में दर्ज कराते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद तथ्यों के अनुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# सटई-नौगांव नगर परिषद मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग, कर्मचारियों ने कलेक्टर-एसपी को सौंपा ज्ञापन

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम कर्मचारी महासंघ (संबद्ध भारतीय मजदूर संघ) के जिला संयोजक आदित्य वाल्मीकि के नेतृत्व में सटई एवं नौगांव नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने गुरुवार को कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक छतरपुर को ज्ञापन सौंपकर दोनों नगर परिषदों से जुड़े मामलों की निष्पक्ष जांच कराने और कर्मचारियों की लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की। कर्मचारियों ने आरोपों की जांच कर दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने की भी मांग उठाई।



ज्ञापन में नगर परिषद सटई की अध्यक्ष माया राजेश शर्मा पर कथित वित्तीय अनियमितताओं, दुकानों की वसूली एवं निर्माण कार्यों में अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि कथित रूप से अधिक कीमतों पर सामग्री खरीदे जाने के कारण कर्मचारियों के वैधानिक देयों के भुगतान में बाधा उत्पन्न हुई है। वहीं अध्यक्ष पति राजेश शर्मा पर कर्मचारियों के साथ कथित अभद्र व्यवहार, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने तथा नौकरी से निकालने की धमकी देने के आरोप भी लगाए गए हैं। कर्मचारियों के अनुसार इन परिस्थितियों के विरोध में वे 10 जुलाई 2026 से अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल पर हैं, लेकिन अब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं हो सका है।

ज्ञापन में नगर परिषद नौगांव के तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर.एस. अवस्थी पर भी दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारी राजकुमार वाल्मीकि के साथ 24 जून 2026 को कथित अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने के आरोप लगाए गए हैं। इसके अलावा लोक निर्माण कार्यों में कथित अनियमितताओं, पात्र कर्मचारियों के विनियमितीकरण में लापरवाही तथा अन्य प्रशासनिक मामलों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है।

महासंघ ने प्रशासन से मांग की है कि कर्मचारियों की लंबित समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए तथा लगाए गए सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान नौगांव एवं सटई के सफाई कर्मचारी, वार्ड पार्षद राजीव बिचौला, दलित महापरिषद सफाई प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष लखन वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गोयरा पुलिस ने 90 लीटर अवैध शराब के साथ दो तस्करों को दबोचा

**छतरपुर। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गोयरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10 पेटी (90 लीटर) अवैध शराब तथा तस्करी में प्रयुक्त एक प्लैटिना मोटरसाइकिल जब्त की है। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 85 हजार रुपये बताई गई है।**



पुलिस के अनुसार, रात्रि गश्त के दौरान नहर की पट्टी से अवैध शराब तस्करी की सूचना मिलने पर थाना गोयरा पुलिस ने तिलयानी तलैया तिराहा के पास घेराबंदी की। इस दौरान संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें 10 पेटी अवैध शराब बरामद हुई। मौके से पुष्पराज पटेल और सत्यम विश्वकर्मा, दोनों निवासी ग्राम ठकुराइन पुरवा, थाना गोयरा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अवैध शराब के स्रोत की जानकारी भी पुलिस को दी। मामले में नरैनी (जिला बांदा) स्थित शराब दुकान के गद्दीदार को भी आरोपी बनाया गया है, जो फिलहाल फरार है। तीनों आरोपियों के विरुद्ध थाना गोयरा में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जबकि फरार आरोपी की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार, प्रधान आरक्षक प्रहलाद कुमार, किशोर कुमार, सतेन्द्र त्रिपाठी तथा आरक्षक दीपेन्द्र, प्रकाश, संजीव दिवाकर और फूलचन्द की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सोते समय जहरीले सांप ने युवक को डसा, अस्पताल पहुंचने से पहले हुई मौत



**छतरपुर।** जिले के किशनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जैतपुर निवासी 23 वर्षीय पंकज सेन की जहरीले सांप के काटने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार पंकज सेन पिता रोशन लाल सेन गुरूवार सुबह करीब 9 बजे घर पर सो रहा था, तभी उसे जहरीले सांप ने काट लिया। युवक ने खुद परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद परिवार के लोग उसे पहले गांव में झाड़-फूंक कराने ले गए। इसके बाद परिजन निजी वाहन से युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल छतरपुर लेकर रवाना हुए, लेकिन रास्ते में उनका वाहन खराब हो गया। इसी दौरान वहां से गुजर रही एक एम्बुलेंस की मदद से युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर रोशन द्विवेदी ने जांच के बाद पंकज सेन को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में मातम छा गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवा दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

कार्यपालन यंत्री ने रोका काम, प्रभारी अधीक्षण यंत्री के निर्देश पर फिर शुरू हुआ निर्माण

# ड्रेनेज नाली का वर्क ऑर्डर चोरहटा का निर्माण अमहिया में, पीडब्ल्यूडी में करोड़ों के काम में नियमों की अनदेखी

खास खबर

रीवा।

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य को लेकर गंभीर अनियमितताओं मामला सामने आया है, विभाग द्वारा जिस निर्माण कार्य के लिए टेंडर जारी कर वर्क ऑर्डर चोरहटा रतहरा मॉडल रोड क्षेत्र के लिए जारी किया गया था, उसी ठेकेदार से बाद में शहर के सिरमौर चौक-अमहिया मार्ग पर निर्माण कार्य कराया जाने लगा। यह कार्य बिना नई टेंडर प्रक्रिया और बिना अलग वर्क ऑर्डर के शुरू कराया गया। वही मामला उजागर होने के बाद नितिन पटेल, कार्यपालनयंत्री, लो निवि संभाग क्रमांक 1 ने जब निर्माण कार्य पर रोक लगाई तो कुछ दिन बाद विभाग के प्रभारी अधीक्षण यंत्री के निर्देश पर निर्माण दोबारा शुरू करा दिया गया। पूरे घटनाक्रम ने विभागीय कार्यप्रणाली, वित्तीय अनुशासन और टेंडर प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार चोरहटा वार्ड क्रमांक-4 स्थित मॉडल रोड पर एमडीआर मार्ग के बॉक्स कलवर्ट एवं हाई स्कूल से नहर तक ड्रेनेज निर्माण कार्य के लिए विभाग ने वर्ष 2026 में टेंडर जारी किया था। करीब 300.37 लाख रुपए की अनुमानित लागत वाले इस कार्य का ठेका लगभग 252.34 लाख रुपए में स्वीकृत किया गया। विधिवत अनुबंध और वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद निर्माण एजेंसी शांति कांट्रेक्शन ने मौके पर खुदाई कर कार्य भी प्रारंभ कर दिया था।



अमहिया मार्ग में हो रहा नाली का निर्माण कार्य



चोरहटा में मॉडल रोड के किनारे खुदाई के बाद बंद पड़ा काम

## अचानक बंद हुआ निर्माण, दूसरी जगह पहुंच गई मशीनें

कुछ दिनों तक निर्माण कार्य चलने के बाद अचानक चोरहटा क्षेत्र में काम बंद कर दिया गया। सड़क किनारे खुदाई होने के बावजूद निर्माण एजेंसी मौके से हट गई। स्थानीय लोगों ने जब इसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों से की तो जांच में सामने आया कि निर्माण एजेंसी उसी समय सिरमौर चौक से अमहिया मार्ग पर ड्रेनेज निर्माण कार्य में लगी हुई है। बताया जाता है कि जिस स्थल पर काम कराया जा रहा था, उसके लिए विभाग की ओर से अलग से न तो टेंडर जारी किया गया था और न ही वर्क ऑर्डर उपलब्ध था। मामले की जानकारी मिलने पर संबंधित कार्यपालन यंत्री ने निर्माण एजेंसी को तत्काल मूल वर्क ऑर्डर वाले स्थल पर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही अमहिया मार्ग पर चल रहे निर्माण को रोकने के आदेश जारी किए गए। इसके बाद लगभग तीन दिनों तक दोनों स्थानों पर निर्माण कार्य बंद रहा।

## प्रभारी अधीक्षण यंत्री के निर्देश पर फिर शुरू हुआ निर्माण

सूत्रों का दावा है कि कुछ दिन बाद विभाग के प्रभारी अधीक्षण यंत्री के स्तर से निर्माण एजेंसी को अमहिया मार्ग पर कार्य जारी रखने के निर्देश दिए गए। इसके बाद ठेकेदार ने दोबारा मशीनें और श्रमिक मौके पर लगाकर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया। विभाग के भीतर इस निर्णय को लेकर चर्चा का माहौल है। कई अधिकारी इसे विभागीय नियमों और वित्तीय प्रक्रिया के विपरीत बता रहे हैं, जबकि कुछ अधिकारियों का कहना है कि यह निर्णय उच्च स्तर पर लिया गया है।

## चोरहटा में अधूरी खुदाई बनी लोगों की परेशानी

इधर चोरहटा मॉडल रोड क्षेत्र में अधूरी छोड़ी गई ड्रेनेज खुदाई स्थानीय लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। सड़क किनारे कई फीट गहरी नालियां खोदकर छोड़ दी गई हैं, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि घरों से निकलना मुश्किल हो गया है और स्कूली बच्चों को प्रतिदिन जोखिम उठाकर रास्ता पार करना पड़ रहा है।क्षेत्रवासियों के अनुसार बीते दिनों स्कूल से लौटते समय एक छात्र खुदाई में गिर गया था, जिसे आसपास मौजूद लोगों ने सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं एक गाय भी गहरी नाली में गिर गई थी, जिसे नगर निगम की रेस्क्यू टीम ने काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। रात के समय सुरक्षा बैरिकेडिंग और चेतावनी संकेत नहीं होने से दुर्घटनाओं की आशंका और

## इनका कहना है

**स्थानीय लोगों ने भी इस संबंध में शिकायत की है नाली निर्माण मौके पर शीघ्र बनना प्रारंभ होगी, इस संबंध में पीडब्लूडी अधिकारियों से मेरी चर्चा हुई है, शीघ्र कार्य प्रारंभ होगा।**

**नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी**
कलेक्टर, रीवा।

# विंध्य के गौरव सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर पद पर हुए पदोन्नत



**रीवा।** जिले के मानिकवार निवासी गौरव सिंह तिवारी को सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत किया गया है, उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि मित्रों एवं पूरे क्षेत्र में हर्ष एवं गौरव का वातावरण निर्मित हो गया है गौरव सिंह तिवारी अभी वर्तमान में सागर जिले में सदस्य हैं और उत्कृष्ट कार्यशैली, अनुशासन एवं जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण मामलों सफलतापूर्वक निराकरण कर विभाग में अपनी विशेष पहचान बनाई हैउनकी पदोन्नति उनके कर्तव्यनिष्ठ कार्यों एवं लगन का परिणाम है उनकी इस उपलब्धि पर पिता हरगोविन्द तिवारी, भाई पंकज तिवारी, गुरु और मार्गदर्शक डॉ देवेंद्र मिश्रा जी ,मित्र ऋषिराज गौतम उप जिला मीडिया अधिकारी एवं सहकर्मियों, मित्रों एवं गणमान्य नागरिकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है, सभी ने आशा व्यक्त की है कि वे अपने नए दायित्वों का निर्वहन भी उसी ईमानदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ करेंगे, जिससे समाज में कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

# सेमरिया पुलिस ने स्कूल पहुंचकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

**दिलाई नशामुक्ति की शपथ,एसडीओपी और थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से कराया अवगत**

**रीवा।** युवाओं को नशे की लत से बचाने और समाज में नशामुक्ति का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत गुरुवार को रीवा जिले के सेमरिया में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक रीवा के निर्देशन में थाना सेमरिया पुलिस की टीम ने संस्कार शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल, सेमरिया पहुंचकर छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी तथा उन्हें नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया।



कार्यक्रम में एसडीओपी रूपेंद्र धुर्वे और थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति का जीवन ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार की खुशियां और भविष्य छीन लेता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को नशे की ओर आकर्षित करने के लिए विभिन्न माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है, ऐसे में विद्यार्थियों को सजग, जागरूक और आत्मविश्वासी बनने की आवश्यकता है। यदि युवा वर्ग नशे से दूरी बनाए रखेगा तो समाज स्वतः स्वस्थ और सुरक्षित बनेगा। शिक्षा ही जीवन को सही दिशा देने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ, नशीली दवाओं, शराब, तंबाकू और अन्य नशे की वस्तुओं से स्वयं दूर रहें तथा अपने मित्रों, परिवार और आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। यदि किसी क्षेत्र में नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री या सेवन की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि समाज को इस बुराई से मुक्त किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को नशे के कारण होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि नशे की लत व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता को प्रभावित करती है, शिक्षा और करियर पर प्रतिकूल असर डालती है तथा कई बार अपराध और हिंसा जैसी घटनाओं का कारण भी बनती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली, खेलकूद, योग और सकारात्मक गतिविधियां युवाओं को नशे से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण क्षण तब रहा, जब पुलिस अधिकारियों ने विद्यालय परिसर में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। विद्यार्थियों ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि वे स्वयं किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे, अपने मित्रों और परिवार के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# कलेक्टर की संवेदनशीलता से दिव्यांग को मिली तिपहिया साइकिल



**रीवा।** सोशल मीडिया पर 15 जुलाई को दिव्यांग को ट्राइसाइकिल न मिलने के समाचार पर कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने संवेदनशीलता और तत्परता से कार्यवाही करते हुए संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय को दिव्यांग को तिपहिया साइकिल तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सोशल मीडिया मैसेज में दिव्यांग का नाम और पते का उल्लेख नहीं था। संयुक्त संचालक अनिल दुबे तथा उनकी टीम ने पेंशन पोर्टल के माध्यम से दिव्यांग का पता लगाने का प्रयास किया। पोर्टल में दिव्यांग छोटेलाल कोल निवासी वार्ड क्रमांक 15 रतहरा रीवा के रूप में चिन्हित किया गया। उन्हें सामाजिक न्याय विभाग राष्ट्रीय इंदिरा गांधी पेंशन योजना का लाभ दिया जा रहा है। संयुक्त संचालक ने श्री छोटेलाल कोल को 16 जुलाई को सुबह 9 बजे तिपहिया साइकिल प्रदान की। तिपहिया साइकिल मिलते ही दिव्यांग ने मध्यप्रदेश सरकार और कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया।

# करहिया मंडी की किराना दुकान में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख, दमकल की मशक्कत से टला बड़ा हादसा, शॉर्ट सर्किट की आशंका



**रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत करहिया मंडी स्थित मुख्य मार्ग पर बुधवार देर रात एक किराना दुकान में भीषण आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही देर में पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

सूचना मिलते ही चोरहटा थाना प्रभारी पवन शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, जबकि दमकल की कई गाड़ियां भी घटनास्थल पर पहुंच गईं। फायर कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और आसपास की दुकानों तथा मकानों तक आग फैलने से रोक लिया। यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो करहिया मंडी में बड़ा हादसा हो सकता था। रात के समय अचानक दुकान से धुआं और आग की तेज लपटें निकलने लगीं। देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की भयावह स्थिति को देखकर आसपास के व्यापारियों और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदारों ने एहतियात के तौर पर अपनी दुकानों से सामान बाहर निकालना शुरू कर दिया। घटना के दौरान कुछ समय के लिए मुख्य मार्ग पर भी लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार आग से प्रभावित किराना दुकान स्थानीय व्यापारी अशोक साहू की है। उन्होंने बताया कि घटना के समय दुकान बंद थी। आग लगने की सूचना मिलने पर जब वे मौके पर पहुंचे, तब तक आग पूरी दुकान में फैल चुकी थी। आग की चपेट में आने से दुकान में रखा किराना सामान, फ्रिज, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। प्रारंभिक आकलन के अनुसार इस अग्निकांड में करीब 10 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। दमकल कर्मियों ने काफी देर तक लगातार पानी की बौछार कर आग पर नियंत्रण पाया। आग बुझाने के बाद भी दुकान से धुआं निकलता रहा, जिसके चलते काफी देर तक राहत एवं बचाव कार्य जारी रहा। फायर टीम ने आसपास की दुकानों की भी जांच की ताकि आग दोबारा न भड़क सके।

# गुजरात में संकट में फंसे रीवा के युवक की सकुशल वापसी, एसपी के त्वरित हस्तक्षेप से मिली राहत, गुजरात पुलिस के समन्वय से सुरक्षित संरक्षण में लेकर परिजनों को सौंपा गया युवक

**रीवा।** गुजरात के नवसारी जिले में विवाद के बाद संकट में फंसे रीवा निवासी एक युवक की सुरक्षित वापसी रीवा पुलिस की त्वरित कार्रवाई और गुजरात पुलिस के साथ प्रभावी समन्वय के चलते संभव हो सकी। पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देश पर शुरू हुई कार्रवाई के बाद स्थानीय पुलिस ने युवक को सुरक्षित संरक्षण में लिया और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उसे सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रीवा निवासी तरुणेन्द्र प्रताप सिंह (23) गुजरात के नवसारी स्थित एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। 15 जुलाई को ड्यूटी के दौरान किसी बात को लेकर उनका स्थानीय लोगों से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट का प्रयास किया। स्थिति को गंभीर देखते हुए युवक वहां से निकलकर एक सुरक्षित स्थान पर पहुंचा और मोबाइल के माध्यम से अपने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी देते हुए तत्काल सहायता की मांग की। युवक से सूचना मिलने के बाद परिजन चिंतित हो गए और तत्काल रीवा पहुंचकर पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह से मुलाकात की। युवक के परिजन रमेश सिंह परिहार, निवासी ग्राम दादर ने पूरे घटनाक्रम से पुलिस को अवगत कराया और सुरक्षित वापसी के लिए मदद की गुहार लगाई।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह ने बिना विलंब किए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के साथ मिलकर गुजरात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से तत्काल संपर्क स्थापित किया गया।



दोनों राज्यों की पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए युवक की लोकेशन और सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास शुरू किए गए।इस दौरान प्रभारी साइबर सेल निरीक्षक वीरेन्द्र पटेल ने तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई। तकनीकी जानकारी के आधार पर गुजरात पुलिस ने युवक की लोकेशन ट्रेस की और तत्काल मौके पर पहुंचकर उसे सुरक्षित संरक्षण में ले लिया। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ और औपचारिक कार्रवाई पूरी करने के बाद युवक की सुरक्षा सुनिश्चित की तथा उसे सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। युवक की सुरक्षित वापसी की सूचना मिलते ही परिजनों ने राहत की सांस ली। युवक और उसके परिवार ने समय पर संवेदनशीलता और तत्परता दिखाने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र पटेल तथा रीवा पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# खदानों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें - कलेक्टर



**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के खदान धारकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में खनन कार्यों के सुरक्षित संचालन, पर्यावरण संरक्षण, श्रमिक सुरक्षा तथा सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए सभी खदानों में सुरक्षा के समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। खदान क्षेत्र की विधिवत फेंसिंग कराई जाए तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाए जाएं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक खदान क्षेत्र में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कराने तथा उसकी नियमित देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी खदान धारक मासिक पत्रक एवं निर्धारित रिटर्न समय-सीमा में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें, ताकि प्रशासनिक कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो तथा खनन संबंधी अभिलेख अद्यतन बने रहें। कलेक्टर ने खदान संचालकों से कहा कि कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के अंतर्गत खदानों के आसपास के क्षेत्रों में जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता दें। उन्होंने सार्वजनिक स्थलों पर डस्टबिन की व्यवस्था, एवं जरूरतमंदों को हेलमेट उपलब्ध कराने तथा बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण जैसे कार्य नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खनन गतिविधियों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं स्थानीय समुदाय के विकास के प्रति भी सभी खदान धारकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। बैठक में अपर कलेक्टर पीके पांडेय, संयुक्त संचालक खनिज दीपमाला तिवारी,संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जिले के खदान धारक उपस्थित रहे।

# हनुमना पुलिस ने किया नशीली कफ सिरप के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**मऊगंज।** पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत एवं उप पुलिस महानिरीक्षक रीवा रेंज हेमंत चौहान द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार 2.0' के तहत हनुमना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अवैध नशीली कफ सिरप (कोरेक्स/आनरेक्स) की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 29 शीशी नशीली कफ सिरप, एक नई पल्सर मोटरसाइकिल और एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन जब्त किया है।पुलिस अधीक्षक मऊगंज सुरेन्द्र जैन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शशिकांत सरयाम एवं एसडीओपी साची पाठक के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल काकड़े के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक उत्तर प्रदेश के ड्रामनगंज की ओर से पल्सर मोटरसाइकिल पर नशीली कफ सिरप लेकर मध्यप्रदेश सीमा की ओर आने वाले हैं। सूचना के आधार पर डी.पी. होटल के पास घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ा गया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सूरज शुक्ला (19 वर्ष), निवासी बैरिहा तथा कुलदीप मिश्रा उर्फ प्रभात (24 वर्ष), निवासी खटखरी के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उनके बैग से 29 शीशी आनरेक्स (कोरेक्स) नशीली कफ सिरप बरामद हुई।पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 21, 22, 25, मध्यप्रदेश ड्रग कंट्रोल एक्ट की धारा 5/13 एवं धारा 111(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल काकड़े, उप निरीक्षक रामदीन सिंह सहित थाना हनुमना के पुलिस स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# चित्रांश परिवार कायस्थ समाज को सामाजिक भवन का मिला अमूल्य उपहार

**रीवा।** गुरुवार दिन कायस्थ समाज रीवा के इतिहास में एक ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण उपलब्धि रके रूप में दर्ज हो गया। लंबे समय से समाज के लिए एक स्थायी कार्यालय एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। लगभग छह माह के सतत प्रयासों के बाद यह संकल्प आज साकार हुआ।प्रयागराज निवासी अनूप कुमार श्रीवास्तव ने अपनी पैतृक संपत्ति पद्मधर कॉलोनी, एल.आई.जी.-208, रीवा को चित्रांश परिवार कायस्थ समाज रीवा को दान स्वरूप समर्पित किया। यह भवन उन्होंने अपने पूज्य चाचा स्वर्गीय कैलाश शंकर श्रीवास्तव की पुण्य स्मृति में समाज को अर्पित किया है। इस भवन का उपयोग समाज की विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन के साथ-साथ 'सनातन लाइब्रेरी' की स्थापना हेतु किया जाएगा।भगवान चित्रगुप्त की असीम कृपा से प्राप्त इस भवन में आयोजित एक सादे एवं श्रद्धापूर्ण कार्यक्रम में भगवान चित्रगुप्त एवं वास्तु देवता का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। तत्पश्चात अनूप कुमार श्रीवास्तव ने भवन की चाबी चित्रांश परिवार कायस्थ समाज रीवा के अध्यक्ष सुशील खरे को सौंपी।इस अवसर पर अनूप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि समाज अध्यक्ष सुशील खरे के नेतृत्व में यह भवन समाज सेवा, शिक्षा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा तथा भगवान चित्रगुप्त की कृपा से समाज के सभी संकल्प सफलतापूर्वक पूर्ण होंगे।इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को साकार करने में श्री संजीव खरे, डॉ. विजय कुमार श्रीवास्तव, डॉ. विनोद श्रीवास्तव एवं डॉ. एस.के. श्रीवास्तव की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही। चित्रांश परिवार कायस्थ समाज रीवा ने इन सभी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।समाज अध्यक्ष सुशील खरे ने अनूप कुमार श्रीवास्तव के इस अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी दान के लिए उनका हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने समाजजनों से आग्रह किया कि भवन की रजिस्ट्री, आवश्यक मरम्मत, निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए सभी मुक्त हस्त से आर्थिक सहयोग प्रदान करें, ताकि इस भवन को शीघ्र ही समाज की गतिविधियों के लिए पूर्ण रूप से विकसित किया जा सके और दानदाता के पावन संकल्प को साकार किया जा सके। चित्रांश परिवार कायस्थ समाज रीवा ने इस ऐतिहासिक सहयोग के लिए अनूप कुमार श्रीवास्तव एवं सहयोगी सभी समाजजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि यह भवन समाज की एकता, शिक्षा, संस्कार एवं सेवा का नया केंद्र बनेगा।कार्यक्रम मुख्य रूप से दानदाता अनूप कुमार श्रीवास्तव अजय कुमार श्रीवास्तव श्रीमती पूजा श्रीवास्तव पारस श्रीवास्तव से बृजेश श्रीवास्तव श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव ऋतिक श्रीवास्तव अध्यक्ष सुशील खरे,संरक्षक डॉ एस के श्रीवास्तव,डॉक्टर विजय श्रीवास्तव ,डॉ विनोद श्रीवास्तव,डॉ अनिल श्रीवास्तव, राजेंद्र निगम , श्रीमती मीता निगम , डॉक्टर नीलम श्रीवास्तव,सतीश निगम रमेश श्रीवास्तव, संजीव खरे, विवेक वर्मा, संतोष श्रीवास्तव (मीडिया प्रभारी) मानस श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव राम गोपाल श्रीवास्तव व अन्य गणमान्य कायस्थ जन उपस्थित रहे।

